# JPS ACADEMY NISSING

## SESSION 2025-26

## NEWS RECORD

DATE - 13 - 5 - 25

### जेपीएस एकेडमी निसिंग का परिणाम रहा अच्छा



**निसिंग |** जेपीएस एकेडमी निसिंग ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत सफलता हासिल की। कॉमर्स संकाय में अर्पण ने 98.2 प्रतिशत अंक लाकर टॉप किया। नवजोत कौर ने 97.4 प्रतिशत, प्रियांशी ने 96.4 प्रतिशत सिमरनजीत कौर ने 96 प्रतिशत और निमरत कौर ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विज्ञान संकाय में नमन ने 96 प्रतिशत, कशिश ने 94.8 प्रतिशत, सचिन ने 94.6 प्रतिशत और हर्षित शर्मा ने 94.4 प्रतिशत अंक हासिल किए। कक्षा 10वीं में सिया ने 96.2 प्रतिशत, सुनिधि ने 95 प्रतिशत और भूमि ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस वर्ग में कुल 12 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। कॉमर्स में 16 और नॉन मेडिकल संकाय में 6 छात्रों ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किए। कुल 24 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक और 22 छात्रों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक पाए। प्रबंधन समिति की अध्यक्ष अंजू राणा ने छात्रों को बधाई दी। विधायक योगेंद्र राणा ने भी फोन पर छात्रों को शुभकामनाएं दीं।

### जे.पी.एस. एकैडमी के 10वीं-12वीं के बच्चों में खुशी की लहर



*जे.पी.एस. एकैडमी में अव्वल बच्चों के साथ प्रबंधन सदस्य।*

निसिंग, 13 मई (संजय): मैडीकल, नॉन मैडीकल, कॉमर्स और मानविकी संकाय के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने सी.बी.एस.ई. द्वारा आयोजित परीक्षा में श्रेष्ठ अंक लाकर विद्यालय और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। कॉमर्स में 16 विद्यार्थी, नॉन मैडीकल के 6 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

विद्यालय के 24 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से ज्यादा, 22 ने 70 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए। कक्षा 10वीं में 12 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक, 20 ने 80 प्रतिशत से अधिक तथा 25 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। एकैडमी प्रबंधक अंजू राणा ने कहा कि एकैडमी शिक्षा को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं मानती, हम नेतृत्व, चिंतनशीलता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार नागरिक निर्माण में विश्वास रखते हैं।

# JPS ACADEMY NISSING

# SESSION 2025-26

# NEWS RECORD

DATE- 14-07-25

## अलंकरण समारोह में गर्वित हैड ब्वाय व खुशमीत बनी हैड गर्ल

निसिंग, 14 जुलाई (संजय): शहर की जे.पी.एस. अकादमी में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शुभारंभ मां सरस्वती वंदना से किया




*निसिंग के जे.पी.एस. अकादमी के बच्चों के साथ अध्यापक।* (संजय)

गया जिसमें बच्चों को असंध विधायक एवं अकादमी संचालक योगेंद्र राणा, अंजू राणा, प्रधानाचार्य बलराज सिंह व उप प्रधानाचार्य सुदीप शर्मा ने बैज व सैशे पहनाए गए।

भाग लेने वाले छात्र छात्राओं को शपथ दिलवाई गई। इसमें कक्षा 12वीं साइंस से गर्वित हैड ब्वाय, कक्षा 12वीं साइंस से खुशमीत हैड गर्ल, कक्षा 12वीं मानविकी से जसप्रीत वाइस हैड ब्वाय, कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय से सुखमनप्रीत कौर वाइस हैड गर्ल, कक्षा 11वीं मानविकी से समर्थ स्पोर्ट्स कैप्टन ब्वाय, कक्षा 11वीं साइंस से तमन्ना रूट्स कैप्टन गर्ल और कक्षा 11वीं कॉमर्स से भूमि को अनुशासन प्रमुख के बैज और सैशे देकर सम्मानित किया गया।

अकादमी के सभी चारों सदनों में भी बैज और सैशे देकर परिषद प्रमुखों को सम्मानित किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य बलराज सिंह ने कहा कि नेतृत्व का मतलब किसी शक्ति का आनंद लेना नहीं है, बल्कि, यह दूसरों को सशक्त बनाने का एक साधन है।

उप प्रधानाचार्य ने विद्यार्थी परिषद के सदस्यों को विनम्र बने रहने की सलाह दी क्योंकि वे एक नई शुरूआत की दहलीज पर हैं और स्कूल से सीखी गई बातें उन्हें अपने जीवन में हमेशा मार्गदर्शन देती रहेंगी। इस मौके पर सभी बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

## गर्वित को हेड बॉय और खुशमीत को हेड गर्ल बनाया



**निसिंग।** जेपीएस एकेडमी में वार्षिक अलंकरण समारोह मनाया गया। नवगठित छात्र परिषद को बैज और सैशे पहनाकर जिम्मेदारियां सौंपी गईं। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद कैबिनेट सदस्यों ने मंच की ओर मार्च किया। असंध विधायक योगेंद्र राणा, अंजू राणा, प्रधानाचार्य बलराज सिंह और उप प्रधानाचार्य सुदीप शर्मा ने छात्रों को सम्मानित किया। गर्वित को हेड बॉय और खुशमीत को हेड गर्ल बनाया गया। जसप्रीत, सुखमनप्रीत, समर्थ, तमन्ना और भूमि सहित अन्य सदन प्रमुखों को भी पदभार सौंपा गया। शपथ ग्रहण में छात्रों ने अनुशासन, नेतृत्व और सेवा भावना के प्रति निष्ठा जताई। मुख्य अतिथियों ने छात्रों को रोल मॉडल बनने की प्रेरणा दी।

# JPS ACADEMY NISSING

# SESSION 2025-26

# NEWS RECORD

DATE - 28-7-25

## मॉडल प्रदर्शनी से विद्यार्थियों को व्यावहारिक अधिगम के अवसर प्राप्त होते हैं : बलराज सिंह

निसिंग, 26जुलाई (संजय): शहर के जे.पी.एस एकैडमी प्रांगण में शनिवार को अभिभावक सम्मेलन व सभी विषयों पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एकैडमी प्रबंधन सदस्य अंजू राणा ने रिबन काट किया।

अंजू राणा ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनके रचनात्मक विचारों को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना है, ताकि उनकी रचनात्मकता को अच्छी तरह से पोषित किया जा सके।

छात्रों को रुचिपूर्ण अधिगम और व्यावहारिक गतिविधियों में संलग्न करने के लिए इन प्रदर्शनियों को समय के नियमित अंतराल पर आयोजित किया जाना चाहिए।

कक्षा नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने सभी विषयों के सिद्धान्तों से जुड़े मॉडल तैयार किए।

उन्होंने वुडन बोर्ड से मॉडल तैयार कर इसे प्रदर्शित किया।विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया था।

उन्होंने सभी कक्षा के विद्यार्थियों के प्रारूपों की सराहना की। बच्चों ने विभिन्न गतिविधियां के माध्यम से शिक्षित परिवार का भी संदेश दिया। बच्चों ने जल संरक्षण, प्रदूषण, व्याकरणिक विषयों, प्रकृति, विभिन्न ऋतुओं, कलाकृतियों, अंतरिक्ष, स्वस्थ्य और मशीनों के बारे में मॉडल पेश किए।



*निसिंग के जे.पी.एस. एकैडमी में प्रदर्शनी में मॉडल दिखाते विद्यार्थी।*

जीवन कौशल एवं व्यावसायिक उद्यम आरंभ करने या उसमें संलग्न होने का क्रियात्मक अनुभव भी प्रदर्शित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी प्रतिभा को निखारना।

विद्यालय के प्रधानाचार्य बलराज सिंह ने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से विद्यार्थियों को व्यावहारिक अधिगम के अवसर प्राप्त होते हैं, संचार कौशल विकसित करने में मदद मिलती है, छात्रों का प्रस्तुति कौशल और सोचने की शक्ति बढ़ती है।

उपप्रधानाचार्य सुदीप शर्मा ने कहा कि इस तरह प्रदर्शनी आयोजन से छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है, जिससे एक विद्यार्थी में वैज्ञानिक भावना और जिज्ञासा का विकास होता है। इस मौके पर सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## रचनात्मक प्रदर्शनी में दिखाई प्रतिभा

**निसिंग** | जेपीएस एकेडमी निसिंग के प्रांगण में शनिवार को अभिभावक सम्मेलन एवं विषय आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ एकेडमी प्रबंधन की सदस्य अंजू राणा ने किया। इसका उद्देश्य छात्रों को उनके रचनात्मक विचारों और कौशल को प्रस्तुत करने का मंच देना है, जिससे उनकी सोच और नवाचार की क्षमता को नई दिशा मिल सके। ऐसे आयोजनों को समय-समय पर आयोजित किया जाना चाहिए। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में डॉ. दक्षेन्द्र सिंह ने शिरकत की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य बलराज सिंह, उपप्रधानाचार्य सुदीप शर्मा मौजूद रहे।

# JPS ACADEMY NISSING

# SESSION 2025-26

# NEWS RECORD

DATE - 15 August 25

## मेरा देश मेरा मुल्क पर बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

**● जे.पी.एस. एकैडमी में स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया**



जे. पी. एस. एकैडमी निसिंग में देशभक्ति के तराने गाते विद्यार्थी।

निसिंग, 14 अगस्त (संजय): जे.पी.एस. एकैडमी निसिंग में चंद्रगुप्त सदन की ओर से जन्माष्टमी महोत्सव के उपलक्ष्य में और भगत सिंह सदन की तरफ से स्वतंत्र दिवस पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजित की गई।

एकैडमी प्रबंधक अंजू राणा, प्रधानाचार्य बलराज सिंह एवं उपप्रधानाचार्य सुदीप शर्मा ने सभी को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी और कहा कि हमें हर त्यौहार प्रेम और भाईचारे की भावना से मनाना चाहिए।

कार्यक्रम की शुरूआत भजन कौन कहता है कि भगवान आते नहीं, तुम मीरा की तरह उन्हें बुलाते नहीं और राम नारायणम जानकी वल्लमभम भजन से की गई। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार की सुंदर प्रस्तुतियों से प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने गीता सार का भी उच्चारण व उसका अर्थ समझाया। चंद्रगुप्त सदन के विद्यार्थियों ने कृष्ण लीलाएं प्रस्तुत कीं।

स्वतंत्रता दिवस पर मेरा देश मेरा मुल्क पर बच्चों ने बड़ी मनमोहक प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने अरे द्वारपालो कन्हैया से कह दो गीत पर बहुत अच्छी प्रस्तुति दी। वो कृष्णा है, वो कृष्णा है और गोविंदा आला रे गोविंदा आला रे, मटकी संभाल बृजबाला गाने पर मटकी फोड़ दृश्य को दर्शाया गया।

## अरे द्वारपालो कन्हैया से कह दो... गीत से सबका मन मोहा



जेपीएस अकादमी में प्रस्तुति देते बच्चे ● जागरण

**संवाद सहयोगी, जागरण ● निसिंग:** कस्बे की जेपीएस अकादमी में प्रबंधक अंजू राणा की अध्यक्षता में चंद्रगुप्त सदन ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव और भगत सिंह सदन ने स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुंदर भजन 'कौन कहते हैं कि भगवान आते नहीं, तुम मीरा की तरह उन्हें बुलाते नहीं 'और' राम नारायणम जानकी वल्लमभम भजन से की गई। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार की सुंदर प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं, गीता सार का उच्चारण कर उसका अर्थ समझाया गया। चंद्रगुप्त सदन के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार की कृष्ण लीला का सुंदर चित्रण प्रस्तुत किया। दिवस पर मेरा देश मेरा मुल्क पर मनमोहक मंचन किया। वहीं, अरे द्वारपालो कन्हैया से कह दो गीत पर सुंदर प्रस्तुति दी, ताकि हम अपने मन में काम, क्रोध, लोभ, लालच व अहंकार जैसे अवगुणों को स्थान न दें। सदगुणों को सदैव दैनिक जीवन में आत्मसात करते हुए निरंतर आगे बढ़ते रहे। विद्यार्थियों ने डांस प्रस्तुति से सबका मन मोहा। विद्यार्थियों ने 'वो कृष्णा है, वो कृष्णा है 'और गोविंदा आला रे गोविंदा आला रे, मटकी संभाल बृजबाला गाने पर मटकी फोड़ दृश्य को दर्शाया। प्रबंधक अंजू राणा व प्रधानाचार्य बलराज सिंह ने सभी देशवासियों को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई दी।

# JPS ACADEMY NISSING

# SESSION 2025-26

# NEWS RECORD

DATE - 23-08-25

## व्यक्तित्व विकास से विफलताओं को सफलता में बदला जा सकता है : बलराज सिंह

### जे.पी.एस. एकैडमी की टीम रही नाटक प्रतियोगिता में प्रथम



निसिंग के जे.पी.एस. एकैडमी में नाटक प्रतियोगिता के विजेता टीम को सम्मानित करते राजन लांबा व अन्य।

निसिंग, 22 अगस्त (संजय) : शहर के जे.पी.एस. एकैडमी में शुक्रवार को सहोदय स्कूल नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में जिलाभर की करीब 25 टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ एकैडमी प्रबंधक सदस्या अंजू राणा, प्रधानाचार्य बलराज सिंह, उप प्रधानाचार्य संदीप शर्मा व बतौर मुख्यातिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप जला मंगलगान के साथ किया। सहोदय अध्यक्ष एवं पर्यवेक्षक के रूप में रजत लांबा पहुंचे। कला एवं संस्कृति से विनय लाठन, कृष्ण कुमार मलिक, राहुल शर्मा ने पहुंच निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।

प्रतियागिता का मुख्य विषय सामाजिक चुनौतियां रही, जिसके तहत इंटरनैट का जाल, फास्ट फूड, स्लो डेथ, ऑनलाइन घोखाधड़ी, एक क्लिक की कीमत, जल प्रदूषण, देश में बढ़ते वृद्ध आश्रम जैसे विषय पर छात्रों ने नाटक प्रस्तुत किए।

प्रतियोगिता में जे.पी.एस. एकैडमी ने पहला स्थान हासिल किया। राजकुल सी. सै. स्कूल बाल राजपूताना ने दूसरा, दा सेंचुरी स्कूल घरौंड़ा ने तीसरा स्थान हासिल किया।

राजन लांबा ने कहा कि नाटक-कला विद्यार्थियों की आंतरिक प्रतिभा को निखाने के साथ साथ आतम विश्वास, टीम भावना, संवेदनशीलता का विकास करती है। शिक्षा का वास्तिक उद्देश्य केवल अंक अर्जित करना नहीं बल्कि जीवन में मूल्य, संस्कार व आत्म विश्वास अर्जित करना है। प्रधानाचार्य बलराज सिंह ने कहा कि इंसान का व्यक्तित्व ही उसकी असली पहचान होती है।

कार्यक्रम में व्यक्तित्व विकास के तरीके बताते हुए कहा कि व्यक्तित्व विकास वो हथियार है जिससे विफलताओं को सफलता में बदला जा सकता है। विजेता टीमों को पदक व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## विद्यार्थियों की अद्भुत प्रतिभा, नाट्य प्रस्तुतियों में झलके सामाजिक संदेश

भास्कर न्यूज|निसिंग

जेपीएस एकेडमी निसिंग में सहोदय द्वारा आयोजित स्कूल स्तरीय नाट्य प्रतियोगिता हुई। मंच पर विद्यार्थियों की रचनात्मकता, अभिनय और संवाद अदायगी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता में करनाल जिले के 25 सीबीएसई स्कूलों ने भाग लिया।

सामाजिक चुनौतियों पर आधारित विषयों जैसे इंटरनेट का जाल, फास्ट फूड–स्लो डेथ, ऑनलाइन धोखाधड़ी, जल प्रदूषण आदि को मंच पर प्रस्तुत किया गया। नाटकों ने दर्शकों को कभी गुदगुदाया तो कभी सोचने पर मजबूर किया। प्रथम स्थान पर टीम-7 (कर्टेन राइज़र्स) जेपीएस एकेडमी निसिंग, द्वितीय स्थान पर टीम-12 (एक्शन मेकर्स) राजकुल सीनियर सेकेंडरी स्कूल बाल राजपुताना, तृतीय स्थान पर टीम-22 (रोल रूलर्स) दा सेंचुरी स्कूल घरौंड़ा रहा।

# JPS ACADEMY NISSING

# SESSION 2025-26

# NEWS RECORD

DATE - 9 SEP, 25

## अंडर-17 वालीबाल प्रतियोगिता में जे.पी.एस. अकादमी को कांस्य पदक



*पदक विजेता खिलाड़ियों के साथ प्रधानाचार्य व अन्य।*

निसिंग, 8 सितम्बर (संजय): जे.पी.एस. अकादमी ने अंडर 17 वालीबाल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल है। यह प्रतियोगिता 3 से 6 सितम्बर तक सोनीपत जिले के द सिप्रंग एरा पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई।

प्रधानाचार्य बलराज सिंह ने बताया कि अंडर 17 वालीबाल प्रतियोगिता में अकादमी के गौतम, नोयल, आयुष, योगेश, कुणाल, सक्षम व वर्षित बत्तान ने बेहतरीन प्रदर्शन कर अकादमी का नाम रोशन किया।

बलराज सिंह ने बताया कि अकादमी के छात्र शिक्षा के साथ साथ खेलों में भी अहम स्थान हासिल कर रहे हैं। उन्होंने युवा खिलाड़ियों से नशे से दूरी बनाने की अपील भी की। उन्होंने बताया कि देश में हरियाणा खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेल नीति लेकर आया है।

इससे अब हरियाणा के खिलाड़ी जिला, प्रदेश व देश के लिए खेलकर अपने माता पिता के साथ साथ स्कूल व अकादमी का नाम भी रोशन कर सकते हैं। इसमें खिलाड़ी एच.सी.एस., एच.पी.एस. सहित ग्रुप बी की नौकरियां भी हासिल कर सकेंगे।

## जेपीएस एकेडमी निसिंग ने वॉलीबॉल में कांस्य पदक जीता



**करनाल** | 15वीं सीबीएसई क्लस्टर वॉलीबॉल टूर्नामेंट में जेपीएस एकेडमी निसिंग की अंडर-17 वॉलीबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। यह प्रतियोगिता 3 से 6 सितंबर तक द स्प्रिंग एरा पब्लिक स्कूल गांव उल्देपुर जिला सोनीपत में आयोजित हुई। कक्षा 10 से गौतम, नोयल, आयुष, कक्षा 9 से योगेश, कक्षा 11 से कुणाल और सक्षम एवं कक्षा 12 से वर्षित बत्तान ने मैदान पर अद्भुत ऊर्जा, तेजी और रणनीति का प्रदर्शन किया।

# JPS ACADEMY NISSING

# SESSION 2025-26

# NEWS RECORD

दिनाँक - 12 सितंबर

## खेल प्रतिभाओं ने चमकाया विद्यालय का नाम



जेपीएस अकादमी के विजेता विद्यार्थियों के प्रिंसिपल बलराज सिंह व कोच। **जागरण**

**संवाद सहयोगी, जागरण • निसिंग :** फतेहाबाद में आठ से 10 सितंबर तक आयोजित 58वीं राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जेपीएस अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के दो प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अपने-अपने वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर अकादमी का मान बढ़ाया। इनमें छात्रा इराज जांगडा ने अंडर-14 वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। देवांश ने अंडर-17 वर्ग में रजत पदक हासिल किया। इन उपलब्धियों पर विद्यालय के प्राचार्य बलराज सिंह ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह मेहनत, अनुशासन और जुनून का परिणाम है। उन्होंने विजेताओं के साथ-साथ प्रशिक्षकों व अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे विद्यार्थी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनते हैं। उन्होंने कोच मनप्रीत सिंह की लगन को भी सराहा।

# JPS ACADEMY NISSING
# SESSION 2025-26
# NEWS RECORD

दिनाँक - 3-10-25

## विजयादशमी महोत्सव : विद्यालय में गूंजा 'जय श्रीराम' का जयघोष



निसिंग। जेपीएस एकेडमी में बुधवार को विजयादशमी महोत्सव मनाया गया। विद्यालय प्रांगण रंग-बिरंगी सजावट, बच्चों की हंसी-खुशी और "जय श्रीराम" के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरुआत एकेडमी प्राचार्य बलराज सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके बाद छात्रों ने भावपूर्ण भक्ति गीत, स्वागत गीत और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसने सभी का मन मोह लिया। मुख्य आकर्षण रामायण पर आधारित नाट्य मंचन रहा। कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों ने भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान, रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण जैसे पात्रों को जीवंत कर दिया। संवादों और अभिनय ने दर्शकों को ऐसा अनुभव कराया मानो वे त्रेता युग की कथा को प्रत्यक्ष देख रहे हों। नाट्य मंचन के उपरांत बुराई के प्रतीक रावण के पुतले का भव्य दहन किया गया।

## जेपीएस अकादमी में गूंजे जय श्रीराम के जयघोष

संवाद सहयोगी, जागरण • निसिंग: कस्बे की जेपीएस अकादमी में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक विजयदशमी पर्व उत्साह, उल्लास और धार्मिक परंपरा के साथ मनाया गया। इसमें विद्यालय प्रांगण बच्चों की हंसी-खुशी और जय श्रीराम के गगनभेदी नारों से गूंजा।

कार्यक्रम का शुभारंभ अकादमी प्राचार्य बलराज सिंह ने दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से किया। जिसमे छात्रों ने मनमोहक भक्ति और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसका मुख्य आकर्षण रामायण पर आधारित नाट्य मंचन रहा। कक्षा छठी से आठवीं तक विद्यार्थियों ने भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान, रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण जैसे पात्रों को जीवंत किया। विद्यार्थियों के संवाद और अभिनय ने दर्शकों को ऐसा अनुभव कराया मानो वे त्रेतायुग कथा को साक्षात देख रहे हों। मंचन के बाद विद्यालय प्रांगण में बुराई रूपी रावण के पुतले का भव्य दहन किया गया। पुतले के जलते ही पूरे वातावरण में जय श्रीराम के जयघोष गूंज उठे। यह दृश्य विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायी रहा, जिसने संदेश दिया कि असत्य और अहंकार का अंत निश्चित है, और सत्य की सदैव विजय होती है।

प्राचार्य बलराज सिंह ने विद्यार्थियों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा दशहरा हमें सिखाता है कि चाहे जीवन में कितनी भी कठिनाइयां आएं, हमें सदैव सत्य, धैर्य और सदाचार के मार्ग पर चलना चाहिए। रावण दहन केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि हमारे भीतर छिपे अहंकार, क्रोध और नकारात्मक प्रवृत्तियों को त्यागने का प्रतीक है।

# JPS ACADEMY NISSING

# SESSION 2025-26

# NEWS RECORD

Junior Annual

DATE - 15-11-25

## जेपीएस एकेडमी ने मनाई संस्कृति परंपरा और गौरव की अनूठी शाम

संवाद सहयोगी, जागरण • निसिंग : हमारे पूर्वज ही है हमारी असली धरोहर, जिनके आशीर्वाद से हर पीढ़ी फलती-फूलती है। इसी प्रेरणादायक भाव को केंद्र में रखकर जेपीएस एकेडमी निसिंग ने अपना सातवां जूनियर वार्षिक समारोह "धरोहर 2025" बड़े उत्साह, उमंग और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि असंध विधायक योगेंद्र राणा, निदेशक दुष्यंत राणा, एकेडमी प्रबंधन सदस्या अंजू राणा, प्रधानाचार्य बलराज सिंह और उप-प्रधानाचार्य सुदीप शर्मा ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। विद्यार्थियों ने मनमोहक गणेश वंदना से पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भरा। समारोह का विषय "धरोहर" (विरासत) भारत की महान सांस्कृतिक परंपराओं और मूल्यों को समर्पित था। विद्यार्थियों ने अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों से दर्शकों को भारत के गौरवशाली अतीत की सैर कराई।

कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के विद्यार्थियों ने हरियाणवी नृत्य, महाभारत का प्रेरक दृश्य – एकलव्य और गुरु द्रोणाचार्य, और महिला सशक्तिकरण पर विशेष प्रस्तुति देकर सबका दिल जीत लिया। प्रधानाचार्य बलराज सिंह ने छात्रों की शैक्षणिक और सह-पाठ्यक्रम उपलब्धियों की सराहना की और वर्ष के सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।



जेपीएस स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते बच्चे।

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा सबका मन



**निसिंग** । हमारे पूर्वज ही हमारी असली धरोहर हैं, जिनके आशीर्वाद से हर पीढ़ी फलती-फूलती है। इसी मूल भावना को केंद्र में रखते हुए जेपीएस एकेडमी, निसिंग में सातवां जूनियर वार्षिक समारोह "धरोहर 2025" बड़े उत्साह, उमंग और सांस्कृतिक भव्यता के साथ आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक योगेंद्र सिंह राणा रहे। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विविध रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से भारत की गौरवशाली विरासत को मंच पर जीवंत कर दिया। इस अवसर पर दुष्यंत राणा, अंजू राणा, प्रधानाचार्य बलराज सिंह तथा उप-प्रधानाचार्य सुदीप शर्मा उपस्थित रहे।

# JPS ACADEMY NISSING

# SESSION 2025-26

# NEWS RECORD

Junior- Annual

DATE- 15-11-25

www.punjabkesari.in III

## हमारे पूर्वज ही हमारी असली धरोहर, जिनके आशीर्वाद से हर पीढ़ी फलती-फूलती : योगेंद्र राणा

निसिंग, 15 नवम्बर (संजय): शहर के जे.पी.एस. अकादमी में 7वां जूनियर वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता स्कूल निदेशक दुष्यंत राणा, एकैडमी प्रबंधन सदस्या अंजू राणा व प्रधानाचार्य बलराज सिंह ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ अकादमी संचालक एवं विधायक योगेंद्र राणा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप जला किया।

कार्यक्रम में बच्चों ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। स्कूली छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांधा। कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के विद्यार्थियों ने हरियाणवी नृत्य, महाभारत का प्रेरक दृश्य एकलव्य और द्रोणाचार्य तथा महिला सशक्तिकरण पर विशेष प्रस्तुति देकर सबका दिल जीत लिया।

बच्चों ने धरोहर नामक मुख्य नाटक से भारतीय संस्कृति की जड़ों व मूल्यों का जीवंत चित्र प्रस्तुत किया।



*जे.पी.एस. अकादमी में बच्चे रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए।*

अकादमी संचालक एव असंध विधायक योगेंद्र राणा ने कहा कि जे.पी.एस. अकादमी निसिंग केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कृति, परंपरा और मूल्यों का पोषक मंच भी है। हमारे पूर्वज ही हैं हमारी असली धरोहर, जिनके आशीर्वाद से हर पीढ़ी फलती-फूलती है। राणा ने कहा कि यह एक ऐसी धरोहर है जो हमें दिखाई नहीं देती है पर हर सफलता इन्हीं की देन होती है।

प्रधानाचार्य बलराज सिंह ने छात्रों की शैक्षणिक और सह-पाठ्यक्रम उपलब्धियों की सराहना की और वर्ष के सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। बलराज सिंह ने छात्रों को ज्ञान अर्जित करने के लिए इसी आयु को सही बताया है। इस मौके पर सभी स्टाफ सदस्य व बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

# JPS ACADEMY NISSING

# SESSION 2025-26

# NEWS RECORD

DATE - 1-12-25

## JPS Academy, Nissing

The school's 7th Junior Annual Function "Dharohar" was a grand success, showcasing India's rich cultural heritage and student achievements. The event was inaugurated by Shri Yogendra Singh Rana, Chairman of JPS Academy, and featured performances highlighting India's history, women empowerment and traditional values. Students presented captivating acts, including a Haryanvi dance and a powerful Mahabharat sequence. The "Dharohar" skit reflected Indian culture and traditions, while the Principal praised students' academic and co-curricular achievements. Scholars of the Year were honoured and dignitaries applauded the students' and teachers' efforts. The celebration concluded with a vote of thanks, marking a memorable day of culture, pride and inspiration, aligning with the school's vision of nurturing talent, tradition and values.



# JPS ACADEMY NISSING

# SESSION 2025-26

# NEWS RECORD

DATE- 10-12-25

## JPS Academy, Nissing

The 2nd Inter-House Skating Competition was held on the school premises for students from classes I to VIII, showcasing exceptional talent and enthusiasm. The event featured various age groups and categories for boys and girls, inspiring the audience. The management, including Anju Rana, Principal Balraj Singh and Vice-Principal Sudeep Sharma, applauded the participants' zeal and confidence, congratulating the winners.



# JPS ACADEMY NISSING

# SESSION 2025-26

# NEWS RECORD

DATE- 16-फरवरी-2026

## अकादमी के खिलाड़ियों ने 5 स्वर्ण व 2 रजत पदक जीते



जिता खिलाड़ियों के साथ प्रधानाचार्य व अन्य। संवाद

**निसिंग।** जिला स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता में जेपीएस अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच स्वर्ण एवं दो रजत पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता काछवा गांव स्थित सीएम इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित की गई थी। जिले के 24 विद्यालयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। वारिस, कर्मन, हरित चौधरी, गुरसाखी और शुभदीप ने स्वर्ण पदक जीते। निष्ठा और यशस्वी ने रजत पदक जीता। प्रधानाचार्य बलराज सिंह ने कहा कि यह सफलता खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, कोच सत्यम सिंह के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है। संवाद

## जेपीएस अकादमी का सहोदय जिला स्तरीय स्केटिंग में रहा जलवा

**संस, जागरण • निसिंग :** सीएस इंटरनेशनल स्कूल में सहोदय इंटर स्कूल जिला स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता में (जेपीएस) अकादमी निसिंग के स्केटर्स ने ओवरआल प्रथम स्थान पाया। जिले के 24 विद्यालयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। जेपीएस अकादमी के खिलाड़ियों ने 5 स्वर्ण और 2 रजत पदक जीते। खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन से विद्यालय में उत्साह का माहौल रहा। विद्यालय प्रबंधन सदस्य एवं असंध विधायक योगेंद्र राणा, अंजू राणा, प्रधानाचार्य बलराज सिंह तथा उप-प्रधानाचार्य सुदीप शर्मा ने सभी विजेता खिलाड़ियों एवं कोच सत्यम सिंह को हार्दिक बधाई दी। कोच सत्यम सिंह के मार्गदर्शन और खिलाड़ियों के निरंतर अभ्यास का ही परिणाम है कि विद्यालय ने जिला स्तर पर अपना परचम लहराया है।

### न्यूज ब्रीफ

## जेपीएस एकेडमी के स्केटर्स ओवरऑल प्रथम



**करनाल** | 12 व 13 फरवरी 2026 को सीएस इंटरनेशनल स्कूल काछवा में आयोजित सहोदय इंटर स्कूल जिला स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता में जेपीएस एकेडमी निसिंग के स्केटर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में जिले के 24 विद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। विद्यालय के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना, अनुशासन और मेहनत का परिचय देते हुए कुल 7 पदक अपने नाम किए, जिनमें 5 स्वर्ण और 2 रजत पदक शामिल हैं।

**पदक विजेता खिलाड़ी इस प्रकार रहे:** वारिस, यशस्वी, कर्मन, हरित चौधरी, गुरसाखी, निष्ठा, शभुदीप ने पदक जीते। विद्यालय प्रबंधन सदस्य एवं असंध विधायक योगेंद्र राणा, अंजू राणा, प्रधानाचार्य बलराज सिंह व उप-प्रधानाचार्य सुदीप शर्मा ने सभी विजेता खिलाड़ियों एवं कोच सत्यम सिंह को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# JPS ACADEMY NISSING
# SESSION 2025-26
# NEWS RECORD

DATE - 15 - फरवरी - 2026

## विद्यार्थियों ने चलाया स्वच्छता अभियान



करनाल । जेपीएस एकेडमी निसिंग में "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के अंतर्गत कक्षा 7, 8 एवं 9 के विद्यार्थियों ने उत्साह, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ स्वच्छता अभियान चलाया। विद्यार्थियों ने शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर सफाई की। कार्यक्रम में असंध विधायक योगेन्द्र राणा ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने छात्रों की पहल को समाज के लिए अनुकरणीय बताया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता शपथ से हुई। विद्यार्थियों ने स्वयं स्वच्छ रहने और समाज को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। इस दौरान स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य बलराज सिंह ने कहा कि स्वच्छता जीवनभर अपनाई जाने वाली आदत है और विद्यार्थियों से इसे घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया।

## स्वच्छता प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्त्तव्य है : योगेंद्र राणा

निसिंग, 13 फरवरी (संजय): शहर की जे.पी.एस. अकादमी के छात्रों ने शुक्रवार को मेन बाजार में स्वच्छता रैली निकाल लोगों को जागरूक किया। रैली प्रधानाचार्य बलराज सिंह के नेतृत्व में असंध विधायक एवं अकादमी संचालक योगेंद्र राणा ने हरी झंडी देकर रैली को रवाना किया। स्वच्छता रैली निसिंग के शिव मंदिर से होते हुए मेन बाजार से मंडी गेट तक स्वच्छता संदेश देते हुए पहुंची।

छात्रों ने स्वच्छता का संदेश देते हुए लोगों को मुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया। विधायक



स्वच्छता रैली निकाल कर लोगों को जागरूक करते अकादमी के छात्र।

योगेंद्र राणा ने स्कूली बच्चों को शपथ दिलवाते हुए कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्त्तव्य भी है। राणा ने कहा कि सफाई देश के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी बनती है जिसके लिए समाज में सभी लोगों का जागरूक होना अनिवार्य है।

प्रधानाचार्य बलराज सिंह ने कहा कि बीमारियों से बचने के लिए साफ सफाई का होना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि प्लास्टिक एक बहुत बड़ा खतरा बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि हमें कम से कम प्लास्टिक का इस्तेमाल करना चाहिए। इस मौके पर स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# JPS ACADEMY NISSING

# SESSION 2025-26

# NEWS RECORD

DATE - 1 - MARCH - 2026




## JPS Academy, Nissing

The school organised Mini Magic Fest Carnival 2026 on its campus. The event was specially conducted for children aged 3 to 8 years from outside the school, providing them with a joyful platform to showcase their talents. The little stars enthusiastically participated in 'Dress to Impress', 'Baby Show', 'Colouring Competition', 'Mimicry Show', and exciting 'Fun Games'. The school's students also got an opportunity to explore and participate. Participation gifts were given to all children and the winners of various activities were specially rewarded. Principal Balraj Singh appreciated the efforts of the tiny participants and congratulated the winners for their wonderful performances. The carnival was truly a delightful celebration of confidence, creativity and childhood joy.

# JPS ACADEMY NISSING

## SESSION 2025-26

## NEWS RECORD

DATE- 14-APRIL-26

### बैसाखी पर बच्चों ने दिया विश्व शांति का संदेश



**निसिंग।** जेपीएस एकेडमी में सोमवार को बैसाखी पर्व मनाया गया। स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए जहां किसानों के प्रति आभार जताया, वहीं विश्व शांति का संदेश भी दिया। कार्यक्रम की शुरुआत भगत सिंह सदन की प्रार्थना सभा से हुई। विद्यार्थियों ने बैसाखी के ऐतिहासिक व सांस्कृतिक महत्व को बताया और इसे समृद्धि व नए आरंभ का प्रतीक बताया। इस दौरान भाषण, कविताएं और नाट्य प्रस्तुति हुईं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भांगड़ा और गिद्धा नृत्य रहा। प्राचार्य बलराज सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मेहनत, एकता और संस्कृति को संजोकर रखना जरूरी है। उन्होंने किसानों के प्रति सम्मान बनाए रखने की बात कही। कार्यक्रम में वैश्विक हालात पर भी चर्चा हुई। अमेरिका, ईरान और इजरायल के बीच तनाव का जिक्र करते हुए विद्यार्थियों ने शांति, भाईचारे और संवाद के जरिए बेहतर विश्व बनाने का संदेश दिया।


# JPS ACADEMY NISSING

# SESSION 2025-26

# NEWS RECORD

DATE- 17 अप्रैल-26

## छात्रा हरनूर कौर ने 96 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया



*होनहार छात्रों के साथ विधायक योगेंद्र राणा व स्टाफ सदस्य।*

निसिंग, 16 अप्रैल (संजय): शहर की जे.पी.एस. अकादमी का 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। अकादमी में असंध विधायक व अकादमी संचालक योगेंद्र राणा ने पहुंच मैरिट में आने वाले बच्चों को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया।

विद्यालय की मेधावी छात्रा हरनूर कौर ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। छात्रा नव्या, दिव्या व रोमिल ने 96 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान प्राप्त, तनवीर कौर ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल कर विद्यालय नाम रोशन किया है।

अकादमी के 5 छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक, 15 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक, 58 छात्रों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया तो वहीं 77 छात्रों ने 60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। विधायक योगेन्द्र राणा व अंजू राणा ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

प्रधानाचार्य बलराज सिंह ने कहा कि यह परिणाम हमारे विद्यार्थियों की लगन, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के विश्वास का सामूहिक प्रतिफल है।

# JPS ACADEMY NISSING

## SESSION 2025-26

## NEWS RECORD

DATE- 17 अप्रैल,26

### जेपीएस एकेडमी, निसिंग का 10वीं में शानदार प्रदर्शन




जेपीएस अकादमी में मेधावी छात्रा का मुंह मीठा करवाते प्रिंसिपल बलराज सिंह।

**संस, जागरण • नर्सिंग :** जेपीएस एकेडमी, नर्सिंग ने एक बार फिर उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को कायम रखते हुए कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में शानदार सफलता हासिल की है। इस वर्ष भी विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का प्रमाण है। विद्यालय की मेधावी छात्रा हरनूर कौर ने 96 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं नव्या, दिव्यां और रोमिल ने 96 प्रतिशत अंक लेकर संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया। तनवीर कौर ने 95 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। परिणामों के अनुसार, कक्षा 10वीं में 5 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक, 15 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक तथा 58 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

### 10वीं में हरनूर कौर ने किया स्कूल में टॉप



**निसिंग |** जेपीएस एकेडमी निसिंग का इस वर्ष भी 10वीं में शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज किया है। विद्यालय की छात्रा हरनूर कौर ने 96.4% अंक प्राप्त कर पहला स्थान पाया । वहीं नव्या, दिव्या और रोमिल ने 96% अंक लेकर संयुक्त रूप से दूसरा स्थान पाया , जबकि तनवीर कौर ने 95% अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। परिणामों की बात करें तो 5 विद्यार्थियों ने 95% से अधिक अंक प्राप्त किए, 15 विद्यार्थियों ने 90% से ऊपर अंक हासिल किए। इसके अलावा 58 विद्यार्थियों ने 70% से अधिक और 77 विद्यार्थियों ने 60% से अधिक अंक लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर चेयरमैन योगेन्द्र राणा, अंजू राणा, प्रधानाचार्य बलराज मौजूद रहे।

# JPS ACADEMY NISSING

## SESSION 2025-26

## NEWS RECORD

DATE- 14 MAY - 2026

# महक ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अकादमी में सर्वोच्च स्थान हासिल किया



जे.पी.एस. अकादमी के मैरिट में बच्चों के साथ प्रधानाचार्य बलराज सिंह व अन्य।

निसिंग, 14 मई (संजय): शहर की जे.पी.एस. अकादमी का सी.बी.एस.ई. 12वीं कक्षा का परीक्षा शत-प्रतिशत रहा। अकादमी के विद्यार्थियों ने विभिन्न संकायों में उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। विज्ञान संकाय की छात्रा महक ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया।

मानविकी संकाय से जसप्रीत सिंह ने 96.8 प्रतिशत अंक अर्जित किए, वहीं कॉमर्स संकाय की छात्रा वाणी ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

असंध विधायक व संचालक योगेंद्र राणा ने कहा कि जे.पी.एस. अकादमी विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता ही नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता एवं जीवन कौशल से भी सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

अकादमी के प्रधानाचार्य बलराज सिंह ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हुए उन्हें आत्मविश्वासी, संस्कारित एवं जिम्मेदार नागरिक बनाना है। इस मौके पर छात्र व उनके अभिभावक व स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# JPS ACADEMY NISSING
## SESSION-2026-27
## NEWS RECORD

DATE:- 15 MAY - 2026

## जेपीएस अकादमी के विद्यार्थियो का बोर्ड परीक्षा में रहा शानदार प्रदर्शन



विद्यार्थियों के साथ बलराज सिंह। ● विज्ञप्ति

**संवाद सहयोगी, जागरण ● निसिंग :** जेपीएस अकादमी के विधार्थियों ने 12वीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा परिणाम में शानदार सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। परीक्षा परिणाम इसवर्ष भी शत-प्रतिशत रहा, जिसने विद्यालय की उत्कृष्ट शिक्षण व्यवस्था एवं अनुशासित शैक्षिक वातावरण को और अधिक मजबूत पहचान दिलाई है। विज्ञान संकाय की छात्रा महक ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। मानविकी संकाय से जसप्रीत सिंह ने 96.8 प्रतिशत अंक अर्जित किए, जबकि कामर्स संकाय की छात्रा वाणी ने 96 प्रतिशत अंक बटोर नाम चमकाया।

हरमनदीप ने अंग्रेजी विषय में, महक ने बायोलाजी में तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, संगीत एवं कला विषयों में विद्यार्थियों ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए।

## छात्रा महक ने 98 प्रतिशत अंक लेकर किया टॉप



**निसिंग** | जेपीएस ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं की परीक्षा में एक बार फिर उत्कृष्ट परिणाम दिया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी शत-प्रतिशत रहा। विज्ञान वर्ग की छात्रा महक ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। कला वर्ग से जसप्रीत सिंह ने 96.8 प्रतिशत अंक अर्जित किए। वाणिज्य वर्ग की छात्रा वाणी ने 96 प्रतिशत अंक पाए। विद्यालय के अध्यक्ष योगिंद्र राणा व प्राचार्य बलराज सिंह ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

# JPS ACADEMY NISSING

## SESSION-2026-27

## NEWS RECORD

DATE:- 8-MAY-2026

**॥ समाज-संस्था ब्रीफ ॥**

### सरदार बलवंत सिंह रनिंग ट्रॉफी से सम्मानित



**निसिंग** | करनाल के विद्यालय एसबीएस द्वारा आयोजित "सरदार बलवंत सिंह रनिंग ट्रॉफी अंतरविद्यालय प्रतियोगिता 2026" में जेपीएस एकेडमी निसिंग ने अच्छा प्रदर्शन किया। एकेडमी ने भाषण प्रतियोगिता की रनिंग ट्रॉफी अपने नाम की। प्रतियोगिता में करीब 20 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। आठवीं एलिट की छात्रा सीरत ने "डिजिटल लत : एक अनदेखा खतरा" विषय पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से रखे, वहीं बारहवीं कॉमर्स की छात्रा ख्वाहिश ने "अंकों से आगे की शिक्षा : क्या हम तैयार हैं" विषय पर प्रस्तुति दी। दोनों छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विद्यालय को प्रतिष्ठित "सरदार बलवंत सिंह रनिंग ट्रॉफी" से सम्मानित किया।